संख्या:61/2016/228जेएल/22-3-16-100(6)/2016

प्रेषक,

आर0के0 दिवेदी,
विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 19 फरवरी, 2016***

विषय: जिला कारागार, बाराबंकी में निरूद्ध 06 सिद्धदोष/विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर किसी अन्य कारागार में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपके पत्र संख्या-1587/सामा-1(3) गोण्डा मं0/2014, दिनांक 15-01-2016 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार जिला कारागार, बाराबंकी में निरूद्ध 06 (छः) सिद्धदोष/विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर उनके नाम के सम्मुख कालम-4 में अंकित कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति **इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि बंदियों को स्थानान्तरित किये जाने के पूर्व विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-1735-1739-महाराष्ट्र राज्य बनाम सईद सुहैल शेख व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार समस्त मा0 विचारण न्यायालयों की पूर्वानुमति अधीक्षक, जिला कारागार, बाराबंकी द्वारा अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी** :-

क्र.स.	विचाराधीन बंदी का नाम/पिता का नाम	निरूद्धी की वर्तमान कारागार	कारागार का नाम जहाँ स्थानान्तरित किया जाना है।
1	2	3	4
1	राशिद खान पुत्र श्री परवेज खान	जि0का0 बाराबंकी	जि0का0 सहारनपुर
2	सि0/वि0 संतोष यादव पुत्र श्री मेड़ीलाल	जि0का0 बाराबंकी	के0का0 वाराणसी
3	सि0/वि0 शिवकैलाश उर्फ कैलाश पुत्र श्री पुत्तीलाल	जि0का0 बाराबंकी	के0का0 वाराणसी
4	निर्भय सिंह पुत्र श्री तहसीलदार सिंह	जि0का0 बाराबंकी	जि0का0 मुरादाबाद
5	शत्रोहन प्रसाद पुत्र श्री रामप्रसाद	जि0का0 बाराबंकी	जि0का0 रामपुर
6	राममिलन वर्मा पुत्र श्री बुद्धू वर्मा	जि0का0 बाराबंकी	जि0का0 बिजनौर

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आर0के0 दिवेदी)
विशेष कार्याधिकारी।

--2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:61/2016/228जेएल(1)/22-3-16-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी/सहारनपुर/वाराणसी/मुरादाबाद/रामपुर/बिजनौर।
2. वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।
3. वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक, जिला कारागार, बाराबंकी/सहारनपुर/मुरादाबाद/रामपुर/बिजनौर।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0के0 दिवेदी)
विशेष कार्याधिकारी।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।